This Question Paper consists of 47 questions and 15 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 47 प्रश्न तथा 15 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. / अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. / कोड नं. **68/SS/O**

SET/सेट **A**

# GENDER STUDIES
# लैंगिक अध्ययन
# (340)

**Day and Date of Examination :**
**( परीक्षा का दिन व दिनांक )** ____________________

**Signature of Invigilators :**
**( निरीक्षकों के हस्ताक्षर )** 1. ____________________

2. ____________________

**General Instructions :**

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** For the Objective type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question, i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

**4.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**5.** (a) The Question Paper is Bilingual, i.e., English and Hindi. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odiya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

**6.** Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the examination hall.

**7.** In case of any doubt or confusion in the question paper, the English version will prevail.

**8.** Write your Question Paper code No. **68/SS/O-A,** on the Answer-Book.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**सामान्य अनुदेश :**

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

**4.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**5.** (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

**6.** परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

**7.** प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।

**8.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/SS/O-A** लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# GENDER STUDIES
# लैंगिक अध्ययन
# (340)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 100**

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**Note :**

(i) This question paper consists of **47** questions in all.

(ii) **All** questions are **compulsory** and carry marks as indicated against each question.

(iii) **Section - A** consists of Question Number **1** to **30** as follows.

  (a) **Q.Nos. 1** to **20 -** are Multiple Choice Questions carrying **1** mark each. For these questions, you have to choose the most appropriate answer from amongst the four choices given as **(A), (B), (C)** and **(D).**

  (b) **Q.Nos. 21** to **30 -** are other Objective-Type Questions. Marks are indicated against each question. Attempt as per instructions given therein with each such question.

(iv) **Section - B** consists of Question Nos. **31** to **47** :

  (a) **Q.Nos. 31** to **37 -** are Very Short Answer Type Questions. Each question carries **2** marks, to be answered in the range of **80** to **120** words.

  (b) **Q.Nos. 38** to **44 -** are Short Answer Type Questions. Each question carries **3** marks, to be answered in the range of **150** to **200** words.

  (c) **Q.Nos. 45** to **47 -** are Long Answer Type Questions. Each question carries **5** marks, to be answered in the range of **400** to **500** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **47** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iii) **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **1** से **30** तक निम्नानुसार हैं।

  (a) **प्रश्न संख्या 1** से **20** - तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों **(A), (B), (C)** और **(D)** में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।

  (b) **प्रश्न संख्या 21** से **30** - तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दें।

(iv) **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **31** से **47** तक हैं :

  (a) **प्रश्न संख्या 31** से **37, 2** - अंक के अति लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **80** से **120** शब्दों में देने हैं।

  (b) **प्रश्न संख्या 38** से **44, 3** - अंक के लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **150** से **200** शब्दों में देने हैं।

  (c) **प्रश्न संख्या 45** और **47, 5** - अंक के दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर **400** से **500** शब्दों में देने हैं।

(1) Answer of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2 : 15 p.m. From 2 : 15 p.m. to 2 : 30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2 : 15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2 : 15 बजे से 2 : 30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

## SECTION - A / खण्ड - क

Answer **all** multiple choice questions.

**सभी** बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** It is generally assumed that those who have the primary and secondary sexual characteristics will fall into the category of __________. **1**

(A) Sex (B) Gender

(C) Kinship (D) None of the above

आमतौर पर यह माना जाता है कि जिन लोगों में प्राथमिक और द्वितीयक यौन विशेषताएँ होती हैं, वे इस श्रेणी में आते हैं __________ ।

(A) सेक्स (B) लिंग

(C) लिंग संबंध रिश्तेदारी (D) इनमें से कोई नहीं

**2.** Gay Pride Flag was designed by Gilbert Baker in the year __________. **1**

(A) 1978 (B) 1979 (C) 1980 (D) 1981

समलैंगिक गौरव ध्वज गिल्बर्ट बेकर द्वारा वर्ष __________ में डिजाइन किया गया था।

(A) 1978 (B) 1979 (C) 1980 (D) 1981

**3.** What is common among Gosha, Indrani, Maitreyi and Gargi ? **1**

(A) They were all Freedom Fighters (B) They were all Learned Women

(C) They were all Tribal Leaders (D) They were all Princess

गोशा, इंद्राणी, मैत्रेयी और गार्गी में क्या समानता है ?

(A) वे सब स्वतन्त्रता सेनानी थीं। (B) वे सब विदुषी थीं।

(C) वे सब आदिवासी नेता (नेत्री) थीं। (D) वे सब राजकुमारियाँ थीं।

**4.** Who wrote Padmavat in 1540 A.D ? **1**

(A) Malik Muhammad Jaisi (B) Shahab-Ud-Din

(C) Muiz-Ud-Din (D) Ala-Ud-Din Khilji

1540 ई. में पद्मावत किसने लिखी थी ?

(A) मलिक मोहम्मद जायसी (B) शाहब-उद-दीन

(C) मुइज़-उद-दीन (D) अलाउद्दीन खिलज़ी



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

5. According to Hindu Succession Act 1956, the word 'common' or 'joint' property indicate : **1**

(A) Two or more married couple with a sibling bond

(B) All family members have a share in the paternal property across generations

(C) Property can be passed on to sons only

(D) All of the above

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अनुसार, 'सामान्य' या 'संयुक्त' संपत्ति शब्द से तात्पर्य है __________।

(A) दो या दो से अधिक विवाहित जोड़े जिनमें भाई-बहन का रिश्ता हो।

(B) सभी परिवार के सदस्यों ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी पैतृक संपत्ति में हिस्सा लिया हो।

(C) संपत्ति सिर्फ बेटों को ही दी गई हो।

(D) उपरोक्त सभी विकल्प

6. Advantages of Registration of marriage : **1**

(A) Prevents child marriages

(B) Provide a government certificate as a evidence of marriage

(C) Can be used as valid document for nomination in bank, insurance and property

(D) All of the above

विवाह के पंजीकरण के लाभ __________।

(A) बाल विवाह पर रोक।

(B) विवाह के प्रमाण के रूप में सरकारी प्रमाण-पत्र मिलता है।

(C) बैंक, बीमा और संपत्ति में नामांकन के लिए वैध दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

(D) उपरोक्त सभी विकल्प

7. For an individual, placement in a sex category is achieved through __________. **1**

(A) Our social relationship (B) Our Names

(C) Our Chromosomes (D) Our kins

किसी व्यक्ति के लिए लिंग श्रेणी में स्थान निर्धारण निम्न में से इस माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है :

(A) हमारे सामाजिक रिश्ते (B) हमारे नाम

(C) हमारे गुण सूत्र (D) हमारे परिजन

8. Tejaswini project is being implemented in which state to improve the education of adolescent girls and women ? **1**

(A) Odisha (B) Rajasthan (C) Chhattisgarh (D) Jharkhand

किशोरियों और महिलाओं की शिक्षा में सुधार लाने के लिए 'तेजस्विनी' परियोजना किस राज्य में कार्यान्वित की जा रही है ?

(A) ओडिशा (B) राजस्थान (C) छत्तीसगढ़ (D) झारखंड



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

9. Which ancient text point out three main aims of marriage, which include Dharma (fulfilment of religious duties considered as the highest aim of marriage), Praja (Progeny) and Rati (sexual pleasure) ? 1

(A) Islamic (B) Hindu (C) Christian (D) Baudh

वह प्राचीन ग्रंथ जो विवाह के तीन मुख्य उद्देश्यों को इंगित करता है जिसमें धर्म (धार्मिक कर्त्तव्यों की पूर्ति जिसे विवाह का सर्वोच्च उद्देश्य माना जाता है) प्रजा (संतान) और रति (यौन सुख) शामिल है :

(A) इस्लामी (B) हिन्दू (C) ईसाई (D) बौद्ध

10. Under the Indian Succession Act, 1925 A Christian daughter is entitled to : 1

(A) 1/2 of the son's share or 5000 whichever is less.

(B) $1/4^{th}$ of the son's share and 10000 whichever is less.

(C) $1/4^{th}$ of the son's share and 5000 whichever is less.

(D) $1/3^{rd}$ of the son's share and 5000 whichever is less.

भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत, एक ईसाई बेटी हकदार है __________।

(A) बेटों का 1/2 हिस्सा या 5000, जो भी कम हो।

(B) बेटों का 1/4 हिस्सा या 10,000, जो भी कम हो।

(C) बेटों का 1/4 हिस्सा या 5000, जो भी कम हो।

(D) बेटों का 1/3 हिस्सा या 5000, जो भी कम हो।

11. Hindu Succession Amendment (2005) Act came into effect on : 1

(A) $9^{th}$ July 2005 (B) $9^{th}$ August 2005

(C) $9^{th}$ September 2005 (D) $9^{th}$ October 2005

हिन्दू उत्तराधिकार संशोधन (2005) अधिनियम __________ में लागू हुआ।

(A) 9 जुलाई 2005 (B) 9 अगस्त 2005

(C) 9 सितम्बर 2005 (D) 9 अक्तूबर 2005

12. What changes were made by the Criminal Law (Amendment) Act of 2013 or the Anti-Rape Bill ? 1

(A) Defines a broad range of sexual crimes like sexual voyeurism and stalking.

(B) Penalises the Police Officers responsible for the non-registration of the FIR.

(C) Make easier reporting of the incident by a rape victim.

(D) All the above

आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2013 या बलात्कार विरोधी विधेयक द्वारा क्या परिवर्तन किए गए ?

(A) यौन अपराध जैसे यौन ताक-झांक और पीछा करना आदि की एक विस्तृत शृंखला को परिभाषित करता है।

(B) एफ.आई.आर. दर्ज न करने के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को दंडित किया जाए।

(C) बलात्कार पीड़िता द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराना आसान बनाया जाए।

(D) उपरोक्त सभी विकल्प।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

13. Indecent representation is also a gross violation of Article __________ of Fundamental Right of Constitution of India. **1**

(A) 14 (B) 18 (C) 21 (D) 33

अभद्र चित्रण भारत के संविधान के मूल अधिकारों के अनुच्छेद __________ का भी घोर उल्लंघन है।

(A) 14 (B) 18 (C) 21 (D) 33

14. Gender Fair Language (GFL) was developed in response to gender-based structural disparity. Identify the statement that is **incorrect**. **1**

(A) It was meant to promote gender stereotyping
(B) It aimed to eliminate gender disparity in addressing men and women
(C) It was meant to minimise prejudice in language
(D) Replace machine forms with gender-unmarked farms

लिंग आधारित संरचनात्मक असमानता के जवाब में लिंग क्षेत्र की भाषा (जी.एफ.एल.) विकसित की गई थी। **गलत** कथन की पहचान करें।

(A) इसका उद्देश्य लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा देना था।
(B) इसका उद्देश्य पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक असमानता को समाप्त करना था।
(C) इसका उद्देश्य भाषा में पूर्वाग्रह को कम करना था।
(D) पुल्लिंग और अचिन्हित रूपों को पुल्लिंग रूपों से प्रतिस्थापित करना।

15. Which of the following is **not** correct about kinship ? **1**

(A) Recognition of relatives through a blood relationship.
(B) Recognition of relatives through marriage (called affinity).
(C) It provides a way of transmitting status and property from one generation to the next.
(D) Establishes and maintains non-confidential social groups.

नातेदारी के विषय में निम्न में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(A) रक्त संबंध के माध्यम से रिश्तेदारों की पहचान।
(B) विवाह (आत्मीयता) के माध्यम से रिश्तेदारों की पहचान।
(C) यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थिति और संपत्ति को हस्तांतरित करने का एक तरीका प्रदान करता है।
(D) गैर-प्रभावशाली सामाजिक समूहों की स्थापना और रखरखाव करता है।

16. The Sexual Harassment of Women at Workplace Act (2013) protect women against sexual harassment in Public or Private workplaces. The act make it mandatory to constitute an ICC in all offices with : **1**

(A) Ten or more employees (B) 50 or more employees
(C) 100 or more employees (D) Number is not important

यौन उत्पीड़न, कार्यस्थल पर महिला अधिनियम 2013, सार्वजनिक या निजी कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न के खिलाफ़ महिलाओं की रक्षा करता है, यह अधिनियम सभी कार्यालयों में __________ के साथ आई सी सी का गठन अनिवार्य बनाता है।

(A) 10 और उससे अधिक कर्मचारियों (B) 50 और उससे अधिक कर्मचारियों
(C) 100 और उससे अधिक कर्मचारियों (D) संख्या महत्वपूर्ण नहीं है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. "Males are the sole decision - makers in the Family" this could be attributed to : **1**

(A) Joint Family (B) Patriarchal Family

(C) Matriarchal Family (D) Nuclear Family

''परिवार में पुरुष ही एकमात्र निर्णयकर्ता होते हैं।'' इसका कारण __________ हो सकता है।

(A) संयुक्त परिवार (B) पितृसत्तात्मक परिवार

(C) मातृसत्तात्मक परिवार (D) एकल परिवार

18. What is common about these terms Parent, Relative and Child ? **1**

(A) Masculine terms (B) Feminine terms

(C) Gender Neutral (D) Gender specific terms

अभिभावक, रिश्तेदार और बच्चे, इन शब्दों में क्या समानता है ?

(A) पुल्लिंग शब्द (B) स्त्रीलिंग शब्द

(C) लिंग तटस्थ (D) लिंग विशिष्ट शब्द

19. Who was The First Person to raise the issue of the relationship between Gender and Language ? **1**

(A) Robin Lakoff (B) Robin Merton (C) Rubina Lakoff (D) R.K. Merton

लिंग और भाषा के बीच संबंध का मुद्दा उठाने वाले पहले व्यक्ति कौन थे ?

(A) रॉबिन लैकॉफ (B) रॉबिन मर्टन (C) रूबीना लैकॉफ (D) आर.के. मर्टन

20. The Child Marriage Restraint Act of 1929 was unable to produce the results as envisage. When was the new law, the prohibition of Child Marriage act, passed that added punishment of rigorous imprisonment and fine for the accused ? **1**

(A) 1930 (B) 1954 (C) 1961 (D) 2006

सन् 1929 का बाल विवाह निरोधक अधिनियम अपेक्षित परिणाम देने में असमर्थ रहा। बाल विवाह निषेध अधिनियम का नया कानून कब पारित हुआ जिसमें अभियुक्तों के लिए कठोर कारावास और जुर्माने की सज़ा जोड़ी गई ?

(A) 1930 (B) 1954 (C) 1961 (D) 2006

21. Fill in the blanks : **3**

(a) __________ is a measure of the number of deaths in a given population.

(b) According to __________ "health is a state of complete physical, mental and social well being and not merely the absence of disease or infirmity".

(c) __________ is the average number of children born per woman.

रिक्त स्थान भरिए :

(a) __________ किसी दी गई जनसंख्या में मृत्यु की संख्या का माप है।

(b) __________ के अनुसार ''स्वास्थ्यपूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण की स्थिति है, न कि केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति।''

(c) __________ प्रति महिला जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या है।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**22.** Fill in the blanks : **3**

(a) Article __________ talks about certain principles of Policy that need to be followed by the state, which are securing adequate means of livelihood equally for men and women, equal pay for equal work to men and women and the health and strength of workers, both of men and women are not abused.

(b) Article _________ requires the state to make provision for securing humane work conditions and maternity relief.

(c) Article _________ provides for early childhood care and education to children below the age of six. The state has to provide early childhood care and education to all children.

रिक्त स्थान भरिए :

(a) अनुच्छेद __________ नीति के कुछ सिद्धांतों के बारे में बात करता है जिनका राज्य द्वारा पालन किया जाना चाहिए, जो पुरुषों और महिलाओं के लिए समान रूप से आजीविका के पर्याप्त साधन सुनिश्चित कर रहे हैं, पुरुषों और महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन और श्रमिकों के स्वास्थ्य और शक्ति का दुरुपयोग नहीं किया जा रहा हो।

(b) अनुच्छेद _________ में राज्य को मानवीय कार्य स्थितियों और मातृत्व राहत को सुरक्षित करने के लिए प्रावधान करने आवश्यकता है।

(c) अनुच्छेद _________ छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा प्रदान करता है। राज्य को सभी बच्चों को प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा प्रदान करना जरूरी है।

**23.** Define in **one** word / phrase : **3**

(a) A trade union founded in 1972 by Gandhian civil rights leader Dr. Ela Bhatt for poor self-employed women.

(b) A scheme launched on April 2015 for providing loans of upto 10 lakhs to promote aspiring women entrepreneurs.

(c) Name given to sector 50 metro station by Noida Metro Rail Corporation dedicated to the transgender community.

**एक** शब्द या वाक्यांश में परिभाषित कीजिए।

(a) सन् 1972 में गाँधीवादी नागरिक अधिकार नेता डॉ. इला भट्ट द्वारा गरीब स्वरोजगारवाली महिलाओं के लिए स्थापित एक ट्रेड यूनियन।

(b) अप्रैल 2015 में महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख तक का ऋण प्रदान करने हेतु एक योजना शुरू की गई।

(c) नोएडा मेट्रो रेल निगम द्वारा सेक्टर 50 के मेट्रो स्टेशन का नाम बताएँ जिसे ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित किया गया है।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**24.** Answer the following questions : **3**

(a) Sir Henry Maine coined the term to describe the patrilineal type of extended family where all the male members have the Joint ownership.

(b) According to which Act, the word "Common or Joint Property" indicates that all family members have a share in the paternal property across generations.

(c) In this Family, the couples having lineal link live under one roof.

नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(a) सर हेनरी मेन ने इस शब्द को विस्तारित परिवार के पितृवंशीय प्रकार का वर्णन करने के लिए गढ़ा था, जहाँ सभी पुरुष सदस्यों का संयुक्त स्वामित्व होता है।

(b) किस अधिनियम के अनुसार सामान्य या संयुक्त संपत्ति का उपयोग यह दर्शाता है कि परिवार के सभी सदस्यों ने पीढ़ियों से पैतृक संपत्ति को साझा किया है।

(c) इस परिवार में यद्यपि वंशगत संबंध रखने वाले जोड़े एक ही छत के नीचे रहते हैं।

**25.** Answer **True/False** type : **2**

(a) Component of the minimum wage Act 1948 also includes regular revision of wages, apart from provision for minimum wages. (True/False)

(b) Living wage includes the wage which can only meet the base physical needs of a worker and his family. (True/False)

**सही/गलत** बताइए।

(a) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के घटकों मे न्यूनतम मजदूरी के प्रावधान के अलावा मजदूरी का नियमित संशोधन भी शामिल है। (सही/गलत)

(b) जीवन निर्वाह मजदूरी में वह मजदूरी शामिल है जो केवल श्रमिक और उसके परिवार की बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकती है। (सही/गलत)

**26.** Answer **True/False** type : **2**

(a) "Sex" refers to Psychological differences whereas "gender" refers to physiological characteristics. (True/False)

(b) Socialization happens actively and passively. (True/False)

**सही/गलत** बताइए।

(a) सेक्स का तात्पर्य मनोवैज्ञानिक अंतर से है जबकि लैंगिक (जेंडर) का तात्पर्य शारीरिक विशेषताओं से है। (सही/गलत)

(b) समाजीकरण सक्रिय और निष्क्रिय दोनों रूपों से होता है। (सही/गलत)



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**27.** Answer **True/False** type : **2**

(a) In India the Literacy rate does not vary between Urban and Rural areas. (True/False)

(b) As they move to higher classes in school the proportion of girls becomes more than boys. (True/False)

**सही/गलत** बताइए।

(a) भारत में साक्षरता दर शहरी और ग्रमीण क्षेत्रों के बीच भिन्न नहीं होती है। (सही/गलत)

(b) जैसे-जैसे वे स्कूल में उच्च कक्षाओं में जाते हैं, लड़कियों का अनुपात लड़कों से अधिक हो जाता है। (सही/गलत)

**28.** Write full form of the following : **1x4=4**

निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए :

(a) SUMAN (b) AYUSH (c) JSSK (d) ARSH

**29.** Match the **Column-A** with **Column-B** : **4**

| | **Column - A** | | **Column - B** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ideal Teacher Pupil Ratio | (i) | 1997 |
| (b) | SSA | (ii) | Kasturba Gandhi Balika Vidyalaya (KGB's) |
| (c) | Cluster-wise model Shcools to have better community engagement of girls in schools | (iii) | NPEGEL |
| (d) | EBBS-Residential schools for girls | (iv) | 1 : 30 |
| | | (v) | Universalization of Elementary Education |
| | | (vi) | 1988 |

**कॉलम - A** का **कॉलम - B** के साथ मिलान कीजिए :

| | **कॉलम - A** | | **कॉलम - B** |
|---|---|---|---|
| (a) | आदर्श शिक्षक छात्र अनुपात | (i) | 1997 |
| (b) | एस.एस.ए. | (ii) | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय |
| (c) | क्लस्टरवार मॉडलस्कूल से स्कूल में लड़कियों के लिए बेहतर सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित होगी | (iii) | एन.पी.ई.जी.ई.एल. |
| (d) | ई.बी.बी.एस. आवासीय विद्यालय लड़कियों के लिए | (iv) | 1 : 30 |
| | | (v) | प्रांरभिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण |
| | | (vi) | 1988 |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

30. NPEGEL (National Programme for Education of Girls at Elementary Level) is one of the various initiatives taken by government for providing better opportunities to girls to be educated under SSA. This programme was introduced to make education available for girls from places which are hard to reach. Its focus was to attend girls those were not in school. This programme was launched in 2003 as one of the significant component of SSA. Its objective was to provide additional support for educational access to girls.

It is important to note that the Sarva Shiksha Abhiyan was launched in the year 2001-2003 for universalization of elementary education in India. The effort was to provide education to all without any discrimination. The objective was also to enhance the capability of the children via education. There were fewer provisions for supporting girls' education and hence NPEGEL was introduced to provide maximum support to girls' education.

Read the passage and answer the questions that follows : **1x4=4**

(a) What was the main objective of Sarva Shiksha Abhiyan ?

(b) When was NPEGEL lanunched as one of the important component of SSA ?

(c) Why there were fewer provisions for supporting girls education ?

(d) How can we enhance the capabilities of children ?

प्राथमिक स्तर पर लड़कियों की शिक्षा के लिए एन पी ई जी ई एल राष्ट्रीय कार्यक्रम एस एस ए के तहत लड़कियों को शिक्षित होने के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों में से एक हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत उन जगहों की लड़कियों के लिए शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए की गई थी, जहाँ पहुँचना मुश्किल है। इसका उद्देश्य उन लड़कियों को शिक्षा उपलब्ध कराना था जो स्कूल नहीं जाती थी। इस कार्यक्रम को 2003 में एस.एस.ए के महत्वपूर्ण घटकों में से एक के रूप में शुरु किया गया था, इसका उद्देश्य लड़कियों को शिक्षा तक पहुँचने के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करना था।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारत में प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए वर्ष 2001 से 2003 में सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की गई थी। इसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी को शिक्षा प्रदान करना था। इसका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों की क्षमता को भी बढ़ाना था। लड़कियों की शिक्षा के समर्थन के लिए बहुत कम प्रावधान हैं और इसलिए लड़कियों की शिक्षा के लिए अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए एन पी ई जी ई एल की शुरुआत की गई।

उपरोक्त दिए गए लेखांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) सर्व शिक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

(b) एस.एस.ए. के महत्वपूर्ण घटक के रूप में ए पी ई जी ई एल को कब लॉन्च किया गया था ?

(c) लड़कियों की शिक्षा के लिए कम प्रावधान क्यों थे ?

(d) हम बच्चों की क्षमता को किस प्रकार बढ़ा सकते हैं ?

## SECTION - B / खण्ड - ख

**Very short answer type questions.**

**अति लघु-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

31. What is the difference between sex and gender ? **2**

सेक्स और जेंडर (लिंग) में अंतर स्पष्ट कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

32. (a) What is the importance of gendered socialisation ? **2**

लिंग आधारित समाजीकरण का क्या महत्व है ?

**OR / अथवा**

(b) Describe the practice of "Niyoga System".

नियोग प्रणाली के अभ्यास का वर्णन कीजिए।

33. What do you understand by the "Devadasi System" ? **2**

देवदासी प्रणाली से आप क्या समझते हैं ?

34. (a) What are the different types of cyber-crimes ? **2**

साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार क्या हैं ?

**OR / अथवा**

(b) Explain the concept of streedhan.

स्त्रीधन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

35. Explain the importance of "Proteins" and "Fats" in the balanced diet for women during pregnancy. **2**

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए संतुलित आहार में प्रोटीन और वसा के महत्व को समझाइए।

36. Mention two characteristic visible Features that distinguish adolescent boys from adolescent girls. **2**

किशोर लड़कों को किशोर लड़कियों से अलग करने वाली दो विशिष्ट दृश्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

37. (a) Who are ASHA workers ? **2**

आशा कार्यकर्ता कौन हैं ?

**OR / अथवा**

(b) What is the Menstrual Hygiene Scheme ?

मासिक धर्म स्वच्छता योजना क्या है ?

**Short Answer type questions :**

**लघु-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

38. Comment on the overall status of women during the era of Buddism and Jainism. **3**

बौद्ध और जैन धर्म के युग में महिलाओं की समग्र स्थिति पर टिप्पणी कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

39. (a) How has the process of urbanisation impacted the family system ? **3**

शहरीकरण की प्रक्रिया ने परिवार प्रणाली को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

**OR / अथवा**

(b) How can gender disparities in language be minimised ? Explain with examples.

भाषा में लैंगिक असमानता को कैसे कम किया जा सकता है ? उदाहरण सहित समझाइए।

40. Suggest any 3 measures that would contribute in improving women's participation in work. **3**

कोई तीन उपाय सुझाइए जो काम में महिलाओं की भागीदारी को बेहतर बनाने में योगदान देंगे।

41. With examples discuss how gender stereolypics are reflected on media. **3**

मीडिया में लैंगिक रूढ़िवादिता कैसे प्रतिबिंबित होती है ? उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए।

42. (a) What was the essence of the educational philosophy of Mahatma Jyotiba Phule ? **3**

महात्मा ज्योतिबा फुले के शैक्षिक दर्शन का सार क्या था ?

**OR / अथवा**

(b) What were the main highlights of National Policy for the empowernment of women, 2001 ?

राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण नीति 2001 की मुख्य विशेषताएँ क्या थी ?

43. State the Personal Laws of Marriage in Muslims. **3**

मुसलमानों में विवाह के व्यक्तिगत कानून का उल्लेख कीजिए।

44. (a) Cite the reasons why difference theory can also be called two culture theory. **3**

अंतर सिद्धांत को दो संस्कृति सिद्धांत भी क्यों कहा जाता है ? कारण बताइए।

**OR / अथवा**

(b) How does folk media acts a powerful media to connect people ?

लोक मीडिया किस प्रकार लोगों को जोड़ने का माध्यम है ?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**Long Answer questions.**

**दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**45.** What is meant by gendered socialization and how does the family act as a passive agent of socialisation ? **5**

लिंग आधारित समाजीकरण से क्या अभिप्राय है तथा परिवार समाजीकरण में एक निष्क्रिय एजेंट के रूप में किस प्रकार कार्य करता है ?

**OR / अथवा**

Mention the view's of Manu on Women.

महिलाओं के संबंध में 'मनु' के विचारों का वर्णन कीजिए।

**46.** (a) Explain various challenges faced by adolescents. **5**

किशोरों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में बताएँ।

**OR / अथवा**

(b) Explain, why do we have more men than women in the institutions of governance ?

शासन संस्थाओं में महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या अधिक क्यों हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**47.** List out the salient features of the prohibition of child marriage Act, 2006. **5**

बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की मुख्य विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए।

**- o O o -**



Unnati Educations
9899436384, 9654279279